# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट– महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।
(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांकः– 509 /गोपन/2025–26 दिनांकः 19 जनवरी, 2026

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या–73/उ0अ0से0च0आ0/2025 दिनांक-12 सितंबर, 2025 के अंतर्गत विज्ञापित पदनाम–**सहायक अध्यापक एल0टी0 (विशेष शिक्षा शिक्षक)** के कुल 128 रिक्त पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया। आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्या 503/गोपन/2025–26 दिनांक 13 जनवरी, 2026 के अनुसार उक्त पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक-**25 जनवरी, 2026 (रविवार)** को एकल पाली में **प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे** तक आयोजित की गयी जा रही है।

उक्त लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र आज दिनांक-**19 जनवरी, 2026** से आयोग की वेबसाइट <u>www.sssc.uk.gov.in</u> पर प्रकाशित किये जा रहे हैं। अभ्यर्थी अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र पृथक से (डाक, ई–मेल इत्यादि) प्रेषित नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा डाउनलोड प्रवेश–पत्र पर बार–कोड भी अंकित हो। लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश–पत्र, फोटोयुक्त पहचान पत्र एवं काला बॉल पेन साथ लाना अनिवार्य है।

लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जिनके द्वारा विज्ञापित पदों में उल्लिखित दिव्यांगता श्रेणी के सापेक्ष ऑनलाईन आवेदन–पत्र में दिव्यांग श्रेणी का दावा किया है, यदि वे अभ्यर्थी उक्त परीक्षा में श्रुतलेखक लेने के इच्छुक हों, तो विज्ञापन में उल्लिखित दिशा–निर्देशों के अनुसार आयोग कार्यालय में प्रत्यावेदन प्रस्तुत करने पर अभ्यर्थी को नियमानुसार श्रुतलेखक की सुविधा प्रदान की जायेगी।

19/01/26

(डॉ0 शिव कुमार बरनवाल)
सचिव।